NT>

Title: Need for proper maintenance of National Highway between Jhansi and Barman via Sagar.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर मध्य प्रदेश से होकर जाने वाली उत्तर दक्षिण कारीडोर लेन फोर लाइन एक्सप्रेस हाइवे मार्ग जो कि कश्मीर से कन्याकुमारी जायेगा, राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 26 के नाम से जाना जाता था। झांसी से लेकर सागर तथा बरमान के नजदीक राजमार्ग चौराहे पर इस मार्ग की हालत अत्यन्त खराब हो चुकी है तथा इस मार्ग का राट्रीय महत्व होने के कारण यहां से होकर निकलने वाले वाहनों की संख्या बहुत अधिक है। किन्तु मार्ग खराब होने के कारण वाहनों के ड्राइवरों एवं यात्रियों को अत्यधिक कटों का सामना करना पड़ता है। वाहनों के टूट-फूट की संख्या भी बहुत बढ़ गई है तथा डीजल एवं पेट्रोल भी अधिक उपयोग होता है। जिसके कारण जनता को दो तरह का नुकसान हो रहा है। एक ओर यात्रा करने में लगने वाला समय भी ज्यादा लगने लगा है और दूसरी ओर वाहनों में टूट-फूट होने से रख-रखाव का खर्चा भी बहुत अधिक बढ़ गया है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस मार्ग की व्यापक उपयोगिता को देखते हुए झांसी सागर से बरमान राजमार्ग चौराहे तक सड़क निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर बनवाने में सहयोग करें। ।